हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 22 जून 2024
नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 भारत द्वारा संपूर्ण विश्व को दिया गया योग, वसुधैव...



07 मानसूनी बारिश में इंजीनियरिंग फेल, खुली...



### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नर्मदापुरम जिला हुआ योगमय

# सेठानी घाट पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने किया योग साधना

दसवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शुक्रवार को जिले के सुप्रसिद्ध सेठानी घाट एवं सेठानी घाट के समीप तिलक भवन में, धूपगढ़ की चोटी , तिलक सिंदूर, मढई जैसे पर्यटन स्थल, शिक्षण संस्थाओं, नर्मदा महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालय में तथा प्रमुख स्थानों पर उत्साह के साथ आयोजित किया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इस बार जिले में स्वयं एवं समाज के लिए योग थीम पर योग दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम बारिश के चलते तिलक भवन में आयोजित किया गया। यहां पर योगाचार्य रघुवीर सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में परिवहन एवं स्कूली शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, कलेक्टर सोनिया मीना, जिपं सीईओ सोजान सिंह रावत अन्य जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने योग साधना की। कार्यक्रम में भोपाल से सीधे प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव ने योग का संदेश एवं उद्बोधन दिया। मुख्यमंत्री ने योग को तन और मन की स्वस्थता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## योग विश्व में एक क्रांति के रूप में परिलक्षित हुआ है: मंत्री श्री राव

दसवे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सेठानी घाट के समीप तिलक भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूली शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने नर्मदे हर से अपने संबोधन की शुरुआत की और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को बधाई दी। श्री राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्ष पहले पूरे विश्व पटल पर भारी अपेक्षा के साथ योग का आह्वान किया था । आज पूरे विश्व में योग एक क्रांति के रूप में परिवर्तित हुआ है और परिलक्षित हुआ है। योग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखना आज समय की आवश्यकता है । मंत्री राव ने कहा कि बारिश के चलते तिलक भवन में कार्यक्रम हुआ है , उन्होंने व्यवस्था करने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर उन्होंने सभी को स्वस्थ रहने की शपथ दिलाई।

## भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया योगाभ्यास



10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारीयों ने योगाभ्यास किया। योगाचार्य रुद्रप्रताप सिंह ने सभी को योग का अभ्यास कराया उन्होंने वृक्षासन, ताड़ासन, दंड आसान, भद्रासन, ब्रज आसन, मंडूकासन, भुजंगासन, सेतुबंध आसन, हलासन, कपालभाति, भ्रमरी आसान का विधिवत अभ्यास कराया। इस अवसर पर योगाभ्यास जिला प्रभारी लोकेश तिवारी , मंडल प्रभारी अनुराग तिवारी , मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे , भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा, गोविंद राय, नगरमंत्री मनीष परदेशी, अनिल दुबे , जीतू तिवारी , मनीष शर्मा , प्रशांत तिवारी, श्यामू पटेल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया।

## केन्द्रीय विद्यालय में मना योग दिवस

केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाचार्या कु स्वस्ति राने ने करवाया। प्राचार्य राजेश साहू ने आरंभ में योग दिवस के अवसर पर योग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी को नियमित योगाभ्यास करना चाहिए। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न आसान सहित योगिक आसन,प्राणायाम प्रार्थना का अभ्यास किया। केंद्रीय विद्यालय में योग दिवस उत्सव पर विभिन्न गतिविधियां सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें छात्र छात्राओं और कर्मचारियों ने योग के प्रचार-प्रसार और इसके लाभों को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया ।

## मन शांत होगा तो ही लक्ष्य प्राप्त होगा : मोना चटर्जी



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस थीम स्वयं और समाज के लिए योग मनाया गया। योग कार्यक्रम का प्रारंभ स्कूल प्राचार्य मोना चटर्जी के विचारों के साथ प्रारंभ हुआ। संपूर्ण योग अभ्यास योग गुरु रघुवीर आर्य के मार्गदर्शन में हुआ जिसमे बच्चों और शिक्षकगण उपस्थित रहे। योग दो चरणों में संपन्न हुआ। पहले चरण में अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, प्राणायाम, दूसरे चरण में पद्मासन, शशांक आसन, पवन मुक्तासन, चक्रासन किए गए। योगाभ्यास के साथ ही उन मुद्राओं का हमारे शरीर व मन पर पड़ने वाले लाभों को भी बताया गया। योगाचार्य रघुवीर ने बच्चों को बताया कि किस तरह स्वयं के योग अभ्यास करते रहने से समाज व स्वयं के स्वरूप में परिवर्तन लाया जा सकता है। समाज के विकास के लिए हमारा स्वस्थ होना हमारा निरोगी रहना और हमारा मन शांत रहना बहुत आवश्यक है, और यह योग द्वारा ही संभव हो सकता है।

# प्रतिबंधित घाटों, गहरे पानी में स्नान करने न जाएं श्रद्धालु, बच्चों का ध्यान रखें: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर सहित बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से मार्मिक अपील करते हुए कहा कि वे प्रतिबंधित घाटों और गहरे पानी में स्नान करने न जाएं। इससे दुर्घटना हो सकती है। यह बात नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने विगत दिनों नर्मदा नदी में डूबने से हुई घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से की है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि मां नर्मदा में स्नान करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि कहीं गहरा पानी तो नहीं है। जलधारा में ज्यादा अंदर तक जाने का प्रयास न करें। ज्येष्ठ पूर्णिमा को भक्तिभाव के साथ मनाएं। नागरिकों की सुरक्षा के लिए सेठानीघाट पर कोरीघाट पर होमगार्ड द्वारा गोताखोर तैनात किए गए हैं। साथ ही घाटों पर माइक के माध्यम से उद्घोषणा कर सावधान किया जा रहा है। नपाध्यक्ष ने कहा कि घाटों पर जो चैन लगी हुई है उसके अंदर ही सीढ़ियों पर बैठकर आसानी से स्नान करें। गहरे पानी में जाने की जरूरत ही नहीं है। नपाध्यक्ष ने नागरिकों से कहा कि मां नर्मदा में स्नान करते समय अपने साथ आए हुए बच्चों का ध्यान रखें। प्रशासन द्वारा जिन घाटों को प्रतिबंधित किया गया है उन घाटों पर स्नान करने कदापि न जाएं। साथ ही सूचना पटल भी लगाए गए हैं। जो घाट प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित किए गए हैं उन घाटों पर स्नान करना खतरनाक है।

## मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल आज जिले के प्रवास पर

नर्मदापुरम। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, शिक्षा विभाग राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल शनिवार को नर्मदापुरम जिले के प्रवास पर रहेंगे। पटेल 22 जून को प्रातः 9 बजे बरेली से प्रस्थान कर बनखेडी आएंगे। पटेल बनखेडी में प्रातः 10 बजे अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत के कार्यक्रम (भाउ साहब भुस्कुटे) में सम्मिलित होंगे तथा दोपहर 12 बजे बनखेडी में स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। पटेल दोपहर 1 बजे बनखेडी पिपरिया से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।




# क्षेत्र के विकास के लिए खरा उतरूंगा: दर्शन सिंह चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





पत्रकार कल्याण परिषद समिति एवं नर्मदांचल पत्रकार संघ द्वारा संयुक्त रूप से होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद दर्शन सिंह चौधरी का गुरूवार को स्थानीय हीरोहोण्डा शोरूम के पास स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ अतुल सेठा मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा क्षेत्र की जनता ने क्षेत्र के विकास और सेवा के लिए अवसर प्रदान किया है। उस पर खरा उतरकर विकास कार्यों में कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी। वहीं राज्यसभा सांसद नारोलिया ने कहा कि हम दोनों सांसद एक और एक ग्यारह के बराबर हैं। क्षेत्र के विकास के लिए हम मिलकर आपकी उम्मीदों से अधिक नर्मदापुरम में कार्य कराएंगें। इस अवसर पर नर्मदांचल पत्रकार संघ के संरक्षक बलराम शर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, अध्यक्ष आशीष दीक्षित, उपाध्यक्ष कमलेश चौधरी, देवेन्द्र अवधिया, सुरेन्द्र सिंह राजपूत, मनोज सोनी, राजेश तिवारी, सीमा कैथवास, पंकज शुक्ला, श्याम राय, मुकेश भदौरिया, नेहा थापक आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

## जिले में अभी तक 42.8 मिमी वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में स्थापित वर्षा मापी केन्द्रों पर जिले में जून माह में 21 जून को प्रातः 8 बजे तक 13.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 2.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू अभिलेख नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि 21 जून को प्रातः 8 बजे तक नर्मदापुरम में 20.6 मिमी, सिवनीमालवा 2, इटारसी 36.4, सोहागपुर 25.6, पिपरिया 7, बनखेड़ी 3.8, पचमढ़ी 2.6 एवं डोलरिया में 26 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इसके अलावा माखननगर में वर्षा नहीं हुई है। जिले की औसत वर्षा 1370.5 मिली मीटर है।






## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हजारों लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों ने किया योग

# भारत द्वारा संपूर्ण विश्व को दिया गया योग, वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा का अद्भुत उदाहरणः उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

केंद्रीय राज्यमंत्री डीडी उइके ने कहा कि योग सारे विश्व को भाईचारे के रूप में एक सूत्र में पिरोने का प्रबलतम उदाहरण है। राज्यमंत्री उईके दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बैतूल के जयवंती हक्सर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में जिलास्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात सामूहिक योग करके जीवन में योग को अपनाएं जाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर विधायक हेमंत खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन,पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, अपर कलेक्टर राजीव श्रीवास्तव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया सहित अधिकारी, कर्मचारी



उपस्थित थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके ने कहा कि भारत की सनातन परंपरा योग का महत्व आज पूरी दुनिया समझ चुकी है, इसलिए दुनिया के 175 से ज्यादा देश भारत की योग परंपरा को अपना रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्ष पूर्व संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से संपूर्ण विश्व ने योग को अपनाया था। आज सारा विश्व योग दिवस मना रहा है। भारत द्वारा संपूर्ण विश्व को दिया गया योग वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा का प्रबल



उदाहरण है।केन्द्रीय राज्य मंत्री उइके ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को सामूहिक योग कार्यक्रम में उपस्थित जनों को योग स्वयं के लिए और समाज के लिए का संकल्प दिलाया। संकल्प में उन्होंने सभी के सुखी होने, सभी के निरोग रहने और राष्ट्र और समाज के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

### योग हमारे मन और मस्तिष्क को आपस में जोड़ता है

*बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि योग केवल स्वस्थ जीवन के लिए नहीं है, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए भी जरूरी है। योग की प्राचीन परंपरा हम सभी को स्वस्थ जीवन से जोड़ती है। योग हमारे मन और मस्तिष्क को आपस में जोड़ता है। योग से एकाग्रता आती है और याददाश्त बढ़ती है। आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ कर अपने जीवन में योग को अपना रही है।*

### योग की मुद्राओं का किया अभ्यास

*व्यक्तियों ने सामूहिक रूप से ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, कटिचक्रासन, दण्डासन, वज्रासन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, वज्रासन, मकरासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन और शवासन किए। आसनों के बाद कपालभाति, नाड़ी शोधन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, आदि प्राणायाम किए।*

## स्वस्थ जीवन का आधार योग प्राणायाम : राजा साहू



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बैतूल जिला तैराकी विकास उत्थान समिति के जिलाध्यक्ष राजा साहू ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अपार धरोहर योग को विश्व के पटल पर अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिलाया है भारत नहीं, आज विश्व के दूसरे में योग किया जाता है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वीर सावरकर तरण ताल विवेकानंद वार्ड बैतूल में राजा साहू ने स्विमिंग पुल के पानी के ऊपर लेट कर बिना हाथ पैर चलाए ध्यान मुद्रा में रहे व सभी स्विमिंग सदस्यों ने सामूहिक रूप से पानी में व पानी के बाहर योग प्राणायाम भी किया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मीडिया मेंबर राजा साहू ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य को दिन के 24 घंटे में 1 घंटे अपने शरीर के लिए योग प्राणायाम आवश्यक रूप से करना चाहिए। योग करने से शरीर की ही नहीं, मानसिक शांति का भी लाभ अर्जित होता है, और जो की बिलकुल निशुल्क होता है। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम अपने जीवन में रोज सुबह 1 घंटे योग आवश्यक रूप से करना चाहिए।

## योग दिवस पर भाजपा कार्यालय में शिविर में किए आसन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में गंज व कोठीबाजार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित योग शिविर में केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला ,बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर ने कार्यकर्ताओं के साथ योग शिक्षक सुनिल कुबडे व हितेश पटेल के मार्ग दर्शन में योग किया। इस अवसर पर श्री उइके ने कहा कि यूं तो अनादिकाल से ही योग भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग रहा है। किसी भी धार्मिक अथवा आध्यात्मिक साधना की सिद्धि से पूर्व योगाभ्यास द्वारा शरीर को साधने का कार्य योग द्वारा किया जाता है। महर्षि पतंजलि सहित अनेक योग शास्त्रियों ने योग के




सरलीकरण का सराहनीय कार्य किया, ताकि आम जनमानस के लिए योग सुलभ हो सके। श्री शुक्ला ने कहा कि वर्तमान कालखण्ड में भारत के गौरव की यश-पताका को निरन्तर विश्व में लहराने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस भारतीय ज्ञान-मनीषा को समूची दुनिया में लोकप्रिय एवं नवीन पहचान दिलाने का कार्य किया है। आने वाले दिनो में रोजाना भाजपा कार्यालय विजय भवन में सुबह योग कक्षा की व्यवस्था बनाई जा रही है। जिसके तहत क्षेत्र के लोगों को योग से अच्छी सेहत का लाभ लेने में सरलता होगी। श्री खंडेलवाल ने कहा कि आज पूरा विश्व योग के साथ ही भारत के वैभव और निरन्तर प्रगति की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहा है। मोदी जी के प्रयासों से ही आज विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। शिविर के समापन पर योग दिवस के कार्यक्रम प्रभारी अतीत पंवार ने आभार प्रदर्शन करते हुए बताया कि जिले के सभी मंडलो में योग शिविर सम्पन्न हुए। कार्यक्रम के सह प्रभारी इंद्रपाल पुण्डे ने बताया कि जिले के सभी मंडलो पर योग के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## योग शारीरिक के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य का आधार : वर्षा गड़ेकर

### पीएमश्री कन्या शाला एवं घाट बिरोली में मनाया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने योग अभ्यास मुद्राओं की सुंदर प्रस्तुति दी। कन्या शाला प्रांगण में आयोजित योग अभ्यास का प्रारंभ नपाध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर ने मां ताप्ती के छायाचित्र पर माल्या अर्पण कर किया। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सक्षम बारमेटे, बीआरसी आशीष चंद्र शर्मा, पार्षद महेंद्र जैन (पील्लु), पंजाब चीकाने उपस्थिति थे। विश्व योग दिवस के अवसर पर छात्राओं ने खेल शिक्षिका रश्मि बाथरे के निर्देशन में योग एवं प्राणायाम की प्रस्तुति दी। नपाध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण आधार है



इसलिए हमें योग को अपने प्रति दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। आज दुनिया के 167 देशों ने भारतीय योग विद्या को अपनाया है । इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ ने योग दिवस नारी सशक्तिकरण को समर्पित करके नारी शक्ति का वंदन किया है। योग दिवस कार्यक्रम मे बीआरसी शर्मा ने छात्राओं को योग के द्वारा अध्धयन में सुधार लाने के उपाय बताए। छात्राओं को योग कराने में गायत्री शक्तिपीठ मुलताई की मीरा देशमुख, लता सोनी ,गीता खोलगाडे एवं सुरेश पवार का विशेष योगदान रहा ।

### योग कार्यक्रम

*योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एव आयूष विभाग घाटबिरोली के तत्वावधान में हाईस्कूल ग्राऊंड पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आरंभ प्रधान प्राचार्य अतूल माकोडे द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, योगाचार्य रागिनी शिवहरे सहयोगी राज ने सभी को योग करवाया। इस मौके पर अतिथी डा सुभाष बारस्कर ने योग के महत्व को बता सभी को जीवन मे ग्रहण करने कहा । इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षक स्टाफ और बच्चे, आयूष विभाग उपस्थित रहे।*

### कॉलेज में किया योग

## दिनचर्या में अनिवार्य रूप से योग करेंः विधायक

**शाहपुर**। दसवें विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में शुक्रवार को प्रातः 6 बजे योग शिविर का आयोजन क्रीड़ा विभाग के द्वारा किया गया। इस मौके पर घोड़ाडोंगरी विधानसभा विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने विद्यार्थियों से कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन निवास करता है जो हमें रचनात्मक कार्य करने की सकारात्मक सोच एवं ऊर्जा प्रदान करता है । उन्होंने योग को दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा बनाने पर जोर देते हुए कहा कि आप योग को दिनचर्या में अनिवार्य रूप से इसे शामिल करें। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक स्वर्गीय सज्जन सिंह का सपना था कि इस क्षेत्र के निर्धन विद्यार्थियों के लिए इस महाविद्यालय में हॉस्टल होना चाहिए। उनके इस सपने को पूरा करने के लिए मैं अपनी ओर से भरपूर प्रयास करूंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एमडी वाघमारे ने बताया कि क्रीड़ा विभाग में विद्यार्थियों के लिए योग सीट उपलब्ध है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शीतल चौधरी एवं अतिथियों का आभार डॉ. नितेश पाल के द्वारा किया गया।

### सीएम राइज स्कूल के ग्राउंड पर किया योग

*शाहपुर। सीएम राइज स्कूल के ग्राउंड पर सुबह 6 से योग किया गया। योग गुरु संतोष राठौर ने बताया योग को करते हुए लगभग 8 वर्ष बीत चुके हैं। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। योग साधक आलोक जैन एवं आनंद गुप्ता ने बताया कि उन्होंने सूर्य नमस्कार से लेकर सिंहासन हास्यासन प्राणायाम आदि विभिन्न योग के आसन को किया। जिससे शरीर स्वास्थ्य एवं निरोग रहता है, शरीर को और अधिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। राधा गोविंद शुक्ला स्वास्थ केंद्र, आलोक जैन, अजय जगताप, विनीत गुप्ता, मूलशंकर परते डिप्टी रेंजर,ओम सराठे, अक्कू ठाकुर, बुजुर्ग शंकरलाल चौरसिया आदि उपस्थित रहे।*

## बचपन के संगी मिले तो भीग गई मंत्री की आंखें, बचपन की यादें हो गईं ताजा

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम में पहुंचे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

स्कूली बच्चों के प्रवेशोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम में नेताओ, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियो ने अलग-अलग स्कूलों में जाकर स्कूली बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया।

केंद्रीय जनजातीय राज्यमंत्री डीडी उइके ने इस मौके पर अपने बचपन के प्राइमरी और मिडिल स्कूल में पहुंचकर बच्चों से अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्हें बचपन के संगी साथी मिले, तो वे भावुक हो गए। इस मौके पर एक पल वह भी आया। जब एक वृद्धा उन्हे मिलकर गले लग गई, महिला पार्वती दहीकर वही महिला है जिसने सांसद और अब मंत्री की माता का प्रसव कराया था। जिसके बाद डीडी उइके जन्मे थे। इसी दौरान मंत्री को कार्यक्रम में महिला शांता चढ़ौकर भी मिली, जो उनकी



बचपन की सहपाठी थी। सांसद जब दोनों महिलाओं से मिले तो महिलाओं और खुद सांसद की भी आंखें भीग गई। उन्होंने वहां बैठे एक बुजुर्ग दुग्गा को अपना प्यारा मित्र बताते हुए बचपन की यादें साझा की। इस दौरान वे कई बार भावुक भी हुए। तो इधर बैतूल में आमला के विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने एक्सिलेंस स्कूल में छात्रों को शिक्षा के जरिए आगे बढ़ने के गुर सिखाए। तो भाजपा जिलाध्यक्ष बबला शुक्ला ने कन्या शाला गंज में छात्राओं को संबोधित किया। स्कूल शिक्षा विभाग ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम के लिए एक पोर्टल भी शुरू किया था।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम में बच्चों को पाठ्य सामग्री की भेंट

भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षक स्व.मनोज अग्रवाल की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी हर्षा अग्रवाल ने एकीकृत माध्यमिक शाला मर्दवानी विकासखंड घोड़ाडोंगरी में पाठ्य सामग्री का वितरण किया। भविष्य से भेंट इस प्रेरक दिवस के उपलक्ष्य पर शाला के नन्हें बच्चों को श्रीमती अग्रवाल ने मोबाइल से दूर रहने की समझाइश दी और कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद और सकारात्मक सोच आवश्यक है। शिक्षक स्व.मनोज अग्रवाल के जीवन की सेवाओं की अंतिम शाला मर्दवानी के प्रधान पाठक पीडी चिल्हाटे ने भी बुनियादी पहाड़े की पुस्तक का वितरण किया। चिल्हाटे ने कहा कि बच्चे अपना लक्ष्य तय करें और उसे पूरा करने में कड़ी मेहनत करें।

### खबर संक्षेप

#### दो दिन तक बंद रहेगी शहर की यह सड़क

**बैतूल**। वन रक्षक भर्ती परीक्षा के द्वितीय चरण में 27 से 28 जून तक वन रक्षक की पैदल चाल परीक्षा के लिए वन विद्यालय से बरसाली मार्ग सामान्य आवाजाही के लिए बंद रहेगा। वन मंडल अधिकारी विजयानन्तम.टीआर ने इस संबंध में जारी आदेश में लेख किया है कि 12.5 किमी की पैदल चाल परीक्षा प्रातः 5 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस अवधि में इस मार्ग पर सामान्य परिवहन प्रतिबंधित रहेगा।

#### पति की लंबी आयु के लिए किया वट सावित्री का व्रत

**मुलताई**। पवित्र नगरी में वट सावित्री व्रत पर्व महिलाओं ने उत्साह पूर्वक मनाया। यह व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी आयु करती हैं । महिलाओं ने बताया कि वट वृक्ष का पूजन कर पति की लंबी उम्र के लिए कामना मांगी जाती है। महिलाओं ने बताया कि व्रती महिलाओं को इस दिन सोलह श्रृंगार करके पूजा करनी चाहिए।

**शाहपुर**। प्राचीन सिद्ध खेड़ापति मंदिर में शुक्रवार को माता और बहनों ने वट सावित्री पर्व पर पूजा अर्चना की। बड़ के पेड़ को धागा बांधकर विधि विधान से पूजा की गई। पार्षद दीपीका बोरबन ने बताया कि बड़ के पेड़ की पूजा पारंपरिक और पौराणिक रीति है।

## सोहागपुर में कुल्हाड़ी से हमला करने वाले तीनो आरोपियों ने थाने में किया सरेंडर



बैतूल। बीते दिनों सोहागपुर में दो परिवारों के बीच आपसी विवाद हुआ था जिसमे एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था जिसका वीडियो वायरल हो रहा था इस घटना के आरोपियों ने बैतूल बाजार थाने में सरेंडर कर दिया है। घटना बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सोहागपुर की है जंहा 14 जून को दो पक्षों में मकान निर्माण को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा की कुल्हाड़ी चल गई जिसमे आरोपियों द्वारा एक पुरुष और एक महिला पर कुल्हाड़ी और सब्बल से हमला कर घायल कर दिया था। घटना में आरोपी सुभाष पिता लक्ष्मण विश्वकर्मा उम्र 60 वर्ष और उसके दो पुत्र प्रफुल और प्रवीण ने दूसरे पक्ष जयप्रकाश और पिंकी उर्फ लक्ष्मी के सिर पर कुल्हाड़ी और लोहे के सब्बल से जानलेवा हमला कर दिया था जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था घटना में घायल हुए जयप्रकाश और पिंकी को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जंहा से जयप्रकाश को नागपुर रेफर किया गया था।

## कैफे संचालक से पचास हजार रु. की ठगी, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**बैतूल**। जिले में ऑनलाइन ठगी की घटनाएं बढ़ते जा रही है। ऑनलाइन ठगी का एक ऐसा ही मामला एक ओर सामने आया है। अज्ञात ठग ने कैफे संचालक के साथ पचास हजार रुपए की ठगी कर ली और ठग मौके से फरार हो गया। गंज स्थित रेन्बो कैफे संचालक दिपाशु जैन ने बताया कि बुधवार की शाम को एक अज्ञात व्यक्ति पैसे ट्रांसफर करने दुकान पर पहुंचा। उक्त व्यक्ति ने कहा कि



मेरे पचास हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दो, मैं तुम्हे नकद राशि देता हूं। रुपए ट्रांसफर करने के लिए उक्त व्यक्ति कुछ समय तक बैठा रहा और कहा कि मेरे पिताजी बैंक से नकद रुपए ला रहे हैं आप तब तक पचास हजार रुपए ट्रांसफर कर दो मैं यही बैठा हूं। जब रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर हुए तो ठग बाजू से सामान कहकर कैफे से रफूचक्कर हो गया।

### मुलताई क्षेत्र के पारडसिंगा गांव की घटना

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**मुलताई**। छिंदवाड़ा रोड पर स्थित ग्राम पारडसिंगा में एक युवक के जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसको लेकर ग्राम में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी अनुसार पारडसिंगा निवासी धनराज पुत्र अजाबराव ने अज्ञात कारणो के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ने लगी। तत्काल उसे परिजन नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहा उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन उसे नगर के एक निजी अस्पताल ले गए, यहां भी डॉक्टर ने उसकी हालत देखते हुए बैतूल रेफर कर दिया। जिसके बाद युवक को गंभीर अवस्था में बैतूल ले जाया जा रहा था कि तभी रास्ते में जाते समय ही धनराज ने दम तोड़ दिया। मृतक को पुनः सरकारी अस्पताल लाया गया जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहा उसके शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### नागरिकों ने जन प्रतिनिधि और अफसरों से की मांग

# नपा की कार्ययोजना बोर्ड पर चस्पा होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

नगरपालिका में क्या चल रहा है क्या होने वाला है और आगे क्या होगा यह जानना जनता का अधिकार है। नगरपालिका को संचालित करने में जिन कर्मचारियों को जनता के टैक्स से वेतन मिल रहा है, जनता के वोट से चुने अध्यक्ष और पार्षद विकास के क्या कर रहे हैं यह तो बताया जाना चाहिए। जनता को पता होना चाहिए कि कर्मचारी, अध्यक्ष और पार्षद नपा की होने वाली मीटिंग में शहर के विकास को लेकर क्या एजेंडा बना रहे हैं बताया जाना चाहिए। इस संबंध में नागरिक संजय सोनपुरे का कहना है कि नपा की सभी कार्ययोजना, प्रस्ताव को नपा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाना चाहिए ताकि जनता भी कार्यालय में लगे नोटिस बोर्ड पर पढ़ सके कि उनके टैक्स के पैसे का उपयोग किस तरह से किया जा रहा हैं। ये हर नागरिक को जानने का अधिकार है।

**जनप्रतिनिधियों की सूची भी उपलब्ध हो:** नपा में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित वार्डो से चुने जनप्रतिनिधियों कि सूची भी गायब नजर आती है। यह सार्वजनिक होना चाहिए ताकि नागरिक को जिससे मिलना हो मिल सके।

### विभाग के जिम्मेदारों की सूची हो

नपा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी व नपा में होने वाली समस्त शाखा प्रभारी, सहायक के नाम नंबर व उनकी शाखा जिनकी उन्हें जिम्मेदारी सौपी हैं। सफाई व्यवस्था को 3 जोन में बांटा गया है। नपा में होने वाली मीटिंग में आम जनता को शामिल होने का प्रावधान है। आम जनता नपा बैठक में शामिल हो सकती है। बैठक में शामिल होने को लेकर कुछ प्रक्रिया व बंधन होते हैं, जनता उनका पालन करते हुए शांति से बैठक की कार्रवाई को सुन सकती है। सीएमओ से अनुमति मिलती है।

**इनका कहना है**

पारदर्शिता जरूरी है जल्द ही नोटिस बोर्ड पर सम्पूर्ण जानकारी चस्पा कि जाएगी। इसके बाद सभी शाखा प्रभारी सहित अन्य जानकारी आम जनता को आसानी से मिल सकेगी।

**प्रकाश देशमुख**
प्रभारी सीएमओ नपा आमला

### कर्मचारियों ने सीएमओ को 8 मांगों का ज्ञापन सौंपा

*नगरपालिका परिषद आमला के कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कई बार आवेदन-निवेदन कर चुके हैं। लेकिन उनके द्वारा कि जा रही मांगो को गम्भीरता से शासन प्रशासन के द्वारा नहीं लेने पर अब कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारियों ने सीएमओ और अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौपा है जिसमे उन्होंने नपा में कार्यरत कर्मचारी जिसे 10 वर्ष हो चुके हैं,उनको कुशल के समान वेतन दिया जाय। साथ हि 1500 रुपए का अतिरिक्त लाभ उन्हें दिया जाना चाहिए। जो कर्मचारी साप्ताहिक मस्टर पर है उन्हें महीने के मस्टर का लाभ दिया जाए। आदि आठ मांगों का ज्ञापन सौंपा।*

## भैंसदेही व झल्लार क्षेत्रातंर्गत मिले दो युवकों के शव

**भैंसदेही**। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रांतर्गत दो युवकों के शव मिले है। दोनों ही शवों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शुक्रवार को युवकों के शव का पीएम कराया। पुलिस का कहना है कि शव को देखकर हत्या का मामला लग रहा है। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात पूर्णा नदी में एक शव तैरता हुआ मिला। शव पर रस्सी बंधी हुई थी और जख्म के निशान भी हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी ने युवक की हत्या कर उसे बांधकर नदी में फेंक दिया। भैंसदेही पुलिस थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। पानी में रहने से शव काफी खराब भी हो गया है। शव की शिनाख्ती के प्रयास कर रहे हैं।

### चिचोलीढाना के पास बोरी में मिला युवक का शव

शुक्रवार सुबह झल्लार थाना क्षेत्र के चिचोलीढाना के पास बैतूल की ओर आने वाले मार्ग पर पुलिया के नीचे बोरी में बंद युवक का शव मिला है। पहचान नहीं हुई है। झल्लार थाना प्रभारी मनोज उइके ने बताया कि युवक का शव पुलिया के पास जंगल की तरफ पड़ा हुआ था। शव की शिनाख्ती के प्रयास किए, लेकिन युवक के पास पहचान से संबंधित दस्तावेज नहीं थे। थाना प्रभारी उइके ने बताया कि शव तीन-चार दिन पुराना लग रहा है। शुक्रवार को युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### बरसे मेघ तो मिली गर्मी से हल्की राहत, शनिवार के लिए हैवी रेन का अलर्ट जारी

# मानसूनी बारिश में इंजीनियरिंग फेल, खुली व्यवस्थाओं की पोल

सीजन की पहली तेज बारिश ने शुक्रवार को इटारसी क्षेत्र में आफत सी ला दी। तेज बारिश ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी।







हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बंगाल की खाड़ी से आने वाले मानसून के सक्रिय होते ही इटारसी सहित आसपास के क्षेत्रों में इसका असर देखने को मिला, लेकिन मानसून की पहली तेज बारिश ने शहर में नगर पालिका की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। दरअसल शुक्रवार की अल सुबह जैसे ही बादलों ने मानसून की बारिश की वैसे ही शहर के कई रहवासी क्षेत्र पानी से लबालब हो गए। हालात नाव संचालन जैसे निर्मित गए। किसी के घर में गंदा पानी कीचड़ समेत प्रवेश कर गया तो किसी के घर के आगे बरसाती नदी जैसा नजारा देखने को मिला। हम बात कर रहे हैं इटारसी के लाइन क्षेत्र के साथ ही राधाकृष्ण मार्केट, सिंधी कालोनी सहित कई इलाकों में पानी भर गया और निकास व्यवस्था चौपट हो गयी। बारिश से बहकर सड़कों का कचरा, पॉलिथिन सभी नालियों में समा गये और कुछ जगह नालियां चौक हो गईं। बताया जाता है कि बेहतर जल-मल निकासी के नाम पर लाखों रुपए फेंक डाले गए और जनता को इसका कितना लाभ मिला, यह शुक्रवार की सुबह हुई बारिश ने बता दिया। इस दौरान शहर में करीब डेढ़ इंच बारिश दर्ज हुई। हालांकि इस बारिश ने गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत जरूर दी है। वहीं मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे के दौरान तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## जिले में सबसे अधिक बारिश

इटारसी में शुक्रवार को सीजन की पहली झमाझम वर्षा हुई। सुबह साढ़े पांच बजे से झमाझम बारिश के बाद कई निचले इलाके जलमग्र हो गये। इटारसी में शुक्रवार की हुई वर्षा जिले में सबसे अधिक है। करीब डेढ़ घंटे की बारिश ने शहर के कई निचले इलाकों को जलमग्न कर दिया और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वार्ड क्रमांक 34 के अधिकांश लोग सड़क पर पानी होने से घरों के भीतर रहे या जरूरी रहा तो पानी में से निकलकर मुख्य मार्ग पर आये। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में दो दिन पूर्व ही यहां की वरिष्ठ शिक्षिका शिवी सूद ने स्कूल के गेट के सामने पानी भरा होने से आवागमन की परेशानी बतायी थी, सुबह हुई बारिश से मुख्य गेट से प्राचार्य के कक्ष के पास तक पानी भर जाने से शिक्षिकाओं और छात्राओं को परेशानी उठानी पड़ी। इसी तरह हर वर्ष के मौसम की तरह गांधी मैदान भी फिर तालाब बन गया। यहां फल बाजार, पोस्ट आफिस रोड, बड़ा मंदिर, संस्कृत पाठशाला तरफ से रोड ऊंची होने के कारण सारा पानी बहकर मैदान में भर जाता है और निकास व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण यह स्थित कई दिनों तक बनी रहती है, जिससे खिलाड़ी नियमित अभ्यास नहीं कर पाते हैं। बाढ़ कंट्रोल से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में इटारसी में सर्वाधिक 36.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। डोलरिया में 26 मिमी।

## नर्मदापुरम संभाग में हैवी रैन का अलर्ट

मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव ने बताया की नर्मदापुरम संभाग के जिलों सहित अनेक जिलों में मौसम विभाग ने हैवी रैन का अलर्ट जारी किया है। अगले चौबीस घंटों में नर्मदापुरम के जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है, जहां 64.5 मिमी से 115.5 मिमी के बीच बहुत भारी वर्षा होगी।

## बरसात में जल भराव का तत्काल करें निराकरण

इटारसी स्वास्थ्य विभाग की बैठक नगरपालिका में सभागृह में रखी गई जिसमे नपा अध्यक्ष पंकज चोरे ने कहा बारिश शुरू हो चुकी है अब हमे अलर्ट रहना होगा जब भी जल भराव शिकायत मिले तत्काल निराकरण हो। जलभराव की स्तिथि का निरीक्षण करे। साथ ही शहर में बाढ़ की समस्या की शिकायत आने पर नगरपालिका में कंट्रोल रूम पर फोन लगाने पर तत्काल नपा अमला मौके पर पहुंच कर समस्या का समाधान करेंगे।

## धूपगढ़ में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**पचमढ़ी।** अंतरराष्ट्रीय 10वें योग दिवस अंतर्गत शुक्रवार को सतपुडा की चोटी धूपगढ़ पर योग किया गया। जिसमे भारी मात्रा में पर्यटक, स्कूल के शिक्षक व छात्र, शासकीय विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। साडा, एसटीआर एवं एमपीटी के अधिकारी भी धूपगढ़ पर उपस्तिथ रहे।



# तिलक सिंदुर में हुआ योग का कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला आयुष अधिकारी नर्मदापुरम डॉ विमल गढ़वाल के कुशल मार्गदर्शन में पर्यटक स्थल तिलक सिंदूर में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सम्पन्न हुआ। तिलक सिंदूर में योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य एवं जिला स्वास्थ समिति अध्यक्ष ज्योति पटेल, ब्रजकिशोर पटेल विधायक प्रतिनिधि, सुनील नागले जनपद सदस्य, उमेश मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत तीखड, डोरी लाल चीचाम सरपंच तालपुरा आदि की उपस्थिति में किया गया। जिसमें लगभग 135 प्रतिभागियों द्वारा योगाभ्यास अंकिता मालवीय योग प्रशिक्षक के द्वारा योग कराया गया। कार्यक्रम नोडल ब्लॉक शिक्षा अधिकारी केसला आशा मौर्य,जनजातीय कार्य विभाग बीआरसी केसला एके शर्मा, प्राचार्य उमावि जमानी जोयस सालोमन, योग प्रशिक्षक अंकिता मालवीय, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ नितिन जॉर्ज आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ आशिया सिद्दीकी, अजय चौहान, राजू बुनकर कंपाउंडर, कमल सिंह मर्सकोले दवासाज एवं पीटीएस आदि के द्वारा उक्त कार्यक्रम का सारी व्यवस्था कर सफल संचालन किया गया।

## हिल स्टेशन में कोहरा बारिश व बाघ के दीदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में मानसून की एंट्री। सुबह सूर्योदय के समय से ही पचमढ़ी में घने कोहरे के चादर के साथ बारिश की फुहारें देखने को मिली। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए डाटा को देखें तो शुक्रवार के बाद लगातार बारिश होने की संभावना है। बदलते मौसम के बीच नेम खान सफारी के दौरान पर्यटकों को दिखा बाघ। एकाएक शुक्रवार को मौसम ने करवट ली और घने कोहरे के साथ-साथ बारिश की फुहार ने पर्यटकों का मन मोह लिया। सुबह नीम घान सफारी पर गए पर्यटकों को बाघ के दीदार हुए। हल्की बारिश के बीच बाघ जंगल में घूमता नजर आया।

## डंपर चालक ने गाय के झुंड को रौंदा, 4 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नर्मदापुरम रोड में कुठारिया में सड़क किनारे गाय का झुंड बैठा था रात लगभग 2 बजे के आसपास रेत से भरे डंपर ने तेज गति से डंपर जहां गाय बैठी थी गौवंश ऊपर चढ़ा दिया चार गायों की मौके पर मौत हो गई वहीं दो गंभीर रूप से लायक है ग्रामीणों ने बताया अक्षर रात में डंपर वाले तेज गति से लापरवाही से वाहन निकलते हैं उसे आए दिन कुछ ना कुछ दुर्घटनाएं होती रहती है वही गायों की मौत से बजरंग दल अध्यक्ष अमित मिश्रा और सदस्यों ने ने प्रशासन को ज्ञापन देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है हाईवे पर आवारा गोवंश के झुंड के झुंड बैठे रहते हैं होने को तो विकासखंड में 3 गौशाला है एक अभी अपूर्ण है। वहीं दो गौशाला क्रमशः जावली एवं सांगा खेड़ा में गांव वाले अपने ही गोवंश गौशाला में छोड़ जाते हैं और ऐसे गौ वंश जिनका कोई मालिक नहीं होता वह इधर-उधर सड़कों पर घूमते रहते हैं और दुर्घटना का शिकार होते हैं शासन प्रशासन को गोशाला संचालन प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखने की आवश्यकता है।

# सक्षम के सामने चुनौतियां बार बार आती है: बिल्लौरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

प्रेरणा सत्र के अपने सारगर्भित उद्बोधन में अमित बिल्लौरे ने कहां कि सनातन संस्कृति को नष्ट करने के प्रयास सुनयौजित ढंग से किया जा रहा है। हमारी वर्तमान पीढ़ी को भ्रमित किया जा रहा है। वहीं प्रलोभन देकर मतांतरण किया जा रहा है इन्हें रोकने में विद्याभारती द्वारा संचालित वनवासी एकल विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत को अच्छे नागरिक देने की जवाबदारी विद्याभारती की है। भारत में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर विदेश जाने की फैसन हमें समाप्त करना है। हमें देश में रहकर देश के लिए कार्य करने वाले नागरिकों की आवश्यकता है। समाज उत्थान के कार्य करने वालों के सम्मान की चिंता हमें करनी चाहिए। मस्तिष्क पर तिलक विजय की निशानी है हमें तिलक लगाने में संकोच नहीं करना चाहिए। शिक्षा के साथ साथ संस्कारित पीढ़ी तैयार करना आज की आवश्यकता है। आचार्य इस कार्य को बखूबी निभा सकते हैं। शिक्षण सत्र -में हेमंत दीक्षित प्राचार्य सैनिक स्कूल गोविंदनगर का मार्गदर्शन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शैक्षिण कार्य को रोचक बनाने हेतु किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा की गई। आचार्य अभ्यास वर्ग के द्वितीय दिवस के अवसर पर समाजसेवी जय नारायण शिवहरे सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग, अमित बिल्लौरे आमंत्रित सदस्य नेताजी सुभाष चन्द्र बोस शिक्षा समिति, रीतेन्द्र राजपूत शिक्षा समिति सदस्य,अशोक कुमार दुबे प्राचार्य एवं समस्त आचार्य दीदी उपस्थिति रहें।

# स्कूल चले हम अभियान, स्कूल में डेस्क खाली, जमीन पर बैठे बच्चे

### बेंचे खाली लेकिन देश के भविष्य को जमीन पर बैठाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

निजामी बदल गया, सरकार के मुखिया में बदलाव हो गया, दावों की हकीकत को लेकर नए तर्क गढ़े जाने लगे लेकिन जमीन पर असर देखे तो ढाक के तीन पात। पहले भी जहां अफसरशाही के कथित दबाव में नेताजी रहते थे तो अब भी कोई खास अंतर नजर नही आ रहा। ऊपर से पार्टी और सरकार की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जमीन पर हो, जनता तक उसका सही संदेश पहुंचे लेकिन नेताजी अफसरशाही के भरोसे तो राजनीति चलती नहीं है, उसके लिए तो जमीनी कार्यकर्ताओं और जनता के बीच सतत संपर्क होना चाहिए। उम्मीद है कि बदलाव की बयार यहां तक भी जल्द पहुंचेगी। अब बात करे "स्कूल चले हम अभियान" की तो सरकार चाहती थी कि तीन दिनों तक आयोजन हो जिसमें स्कूली बच्चों और उनके पालकों तक सरकारी अमले की योजनाओं के बारे में जानकारी पहुंचे। लेकिन हकीकत यह है पूरा कार्यक्रम औपचारिकता बनकर ना रह जाए इसकी िचंता न तो सरकार के नुमाइंदो को न ही बड़े नेताओं के मुलाकात के लिए विख्यात विकास कार्यो पर चर्चा करने वाले नेताजी को, ना ही मंचो के शौकीन कई वरिष्ठ नेताओं को। जो हो रहा है उसे अफसरशाही के भरोसे छोड़े तो और आखिर में मंच पर स्थान मिलना ही उनके लिए पर्याप्त है, वर्तमान समय में यही सफल कार्यक्रम के आयोजन की नई परिभाषा गढ़ी गई लगती है। विगत दिनों स्कूल चलों अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रम में नेताओं को मंच मिल गया, स्वागत सत्कार तो गया। लेकिन इन सबके बीच देश के जिस भविष्य को संवारने के लिए कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, उस भविष्य पर ना तो अफसरशाही का ध्यान गया ना ही नेताओं का। नेताजी मंच की कुर्सियों की शोभा बढ़ाने, फूलों के गुलदस्ते लेने और लच्छेदार भाषण देने में व्यस्त रहे तो कुछ लोग नेताओं से संबंध प्रगाढ़ दिखाने में। इन सबके बीच देश का भविष्य बेसहारा व असहज सा रहा। बेचारे को स्कूल की बेंच खाली रहने के बावजूद जमीन पर जो बैठा दिया गया तो अब वह किस तक अपनी पीड़ा या भावनाएं पहुंचाऐ तो सुनने और करने वाले सभी तो कुर्सियों पर थे। भाजपा विधायक प्रेमशंकर वर्मा के गृहग्राम बघवाड़ा में स्कूल चले हम अभियान का शुभारंभ किया गया था। बढ़िया फोटोसेशन का दौर चला, विधायक जी का सम्मान हुआ, माल्यार्पण का दौर चला, शान में कसीदे पड़े गया, फिर आई विधायक जी की बारी तो अपने भाषण में जमाने भर की बाते तो विधायक ने कही। शासन की योजनाओं के बारे में दावे किए गए, लोगों को लाभ पहुंचाने की बात कही गई। हाँ, माननीय विधायक जी की नजर उनके सामने देश के उस उज्जवल भविष्य पर नहीं पहुंच पाई जिसे उसकी औकात जमीन पर लाकर बताई गई, खाली पड़ी बैंचे इस भविष्य को देख मुस्कुराती रही और इस बीच फाइनल फोटोसेशन हो गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग विश्व दिवस पर नागरिकों हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा



विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को माखननगर विकसखंड के ग्रामीण अंचलों के शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में दसवां विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। दरअसल हर साल 21 जून के दिन विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए नियमित रूप से योगासन जरूरी है जीवन में योग के लाभ और महत्व को देखते हुए इसे दुनियाभर में अहमियत दी गई है सेहत के साथ ही योग मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण है इस लिए दुनियाभर के लोगों को योग के प्रति जागरुक करने के लिए 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। इसी के चलते विकासखंड के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आंचलखेड़ा मे भी योग दिवस मनाया गया जहां पर प्रभारी प्राचार्य द्वारा योग व प्राणायाम के महत्व बताए गए उन्होंने बताया कि योग का हमारे जीवन में अति आवश्यक है।

## दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र-छात्राएं हुए शामिल



**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद के द्वारा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांडिया रोड तथा शहीद भगत सिंह महाविद्यालय शोभापुर रोड संकल्प फाउंडेशन सिध्दीविनायक गार्डन ग्राम पंचायत विजनवाडा सहित सभी कार्यालय में तथा घरों पर भी लोगों के द्वारा दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल एवं अरविंद राय पवन वालिया के साथ अनुविभागी राजस्व अधिकारी संतोष तिवारी तहसीलदार वैभव बैरागी विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी प्रदीप शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुमन खातरकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरपी नायक शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ राकेश वर्मा सभी प्रोफेसर छात्र-छात्राओं के साथ सभी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के साथ सभी शिक्षक शिक्षकों के द्वारा वह ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव रोजगार सहायक ग्राम पंचायत के पंच एवं ग्राम वासियों के द्वारा कार्यक्रम में भाग लिया गया नगर की प्रतिष्ठित संकल्प फाउंडेशन में सिटी बनाई गार्डन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के लिए मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी आश्रम की मुखिया सैलम दीदी एवं उनके समर्थन के साथ संस्था के संचालक निरंजन वैष्णव के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि सलाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए प्रशासनिक क्षेत्र में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाना चाहिए कर्म ही योग है योग मनुष्य के लिए आवश्यक है।

### दसवां अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# स्कूलों में बच्चों, युवाओं सहित बुजुर्गों ने किए योगासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



अंतराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में महाविद्यालय खेल परिसर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजित किया गया। जिसमें सामाजिक संस्था मनुष्य मिलन योग साधना परिवार के सदस्यों ने महाविद्यालय में छात्र छात्राओं व संपूर्ण स्टाफ के साथ विभिन्न योग अभ्यास किए। योगाभ्यास के पूर्व ईश्वर की स्तुति तत्पश्चात जंपिंग व डांसिंग एक्सरसाइज, वाइब्रेशन,ताली बजाकर शरीर में स्फूर्ति जागृत उपरांत प्राणायाम, अनुलोम, विलोम कपालभाति व सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसन संपन्न करायें।

मनुष्य मिलन योग साधना परिवार के संजय वर्मा व रानी राजपूत ने लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग को अपने दैनिक जीवन का एक अनिवार्य अंग बनाये। साथ ही योग साधना परिवार से शसुंदरलाल जागड़े, मोनू मौर्य, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दीपक वर्मा, घनश्याम मीणा, शैलेष गुप्ता सहित समस्त सदस्यों ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर योग दिवस को सफल बनाया व हमारे माखन नगर से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से पत्रकार प्रदीप शर्मा एवं प्रिंट मीडिया से उमेश तिवारी जी की उपस्थिति सराहनीय रही। जिन्होंने पल प्रतिपल समस्त योग क्रियाओं को अपने कमरे में कैद की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे ने योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग साधना परिवार से आए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की आप लोगों के द्वारा कराई गई विभिन्न योग अभ्यास व योग क्रियाएं नियमित रूप से करने पर हम रोगो से दूर रह सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महाविद्यालय परिवार से प्रोफेसर आर के चौकीकर डॉ अमिताभ शुक्ला आरएस पटेल, अजय मेहरा, सुरेश यादव ,डॉ कविता दुबे, राम विलास मेहरा,अशोक पाटिल जितेंद्र अहिरवार उपस्थित रहे अशोक मेहर ने संपूर्ण व्यवस्था को अंजाम दिया। अंत में आभार प्रदर्शन महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार पटवा ने उपस्थित सदस्यों का आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपना कीमती समय निकालकर हमारे महाविद्यालय में उपस्थित होकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को यादगार बनाया हम सबके बहुत-बहुत आभारी हैं।

## छात्रों एवं वरिष्ठों किया प्राणायाम, जाना योग का महत्व



**सेमरी हरचंद।** शासकीय बालक हाई स्कूल एवं संकुल में आने वाले समस्त स्कूलों तथा ग्राम वासियों द्वारा सामूहिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राणायाम की क्रियाएं तथा योग का अभ्यास किया गया जिसमें कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शासकीय मिडिल स्कूल शासकीय प्राइमरी स्कूल काछी पुरा एवं न्यू स्टेप मिडिल स्कूल ज्ञान अंजलि शिक्षा निकेतन आदि निजी स्कूल के शिक्षकों छात्रों एवं ग्राम वासियों ने प्राणायाम योग किया। सुबह 6 बजे से हाई स्कूल के हाल में प्राणायाम योग की मास्टर ट्रेनर न्यू स्टेप मिडिल स्कूल की शिक्षिका संगीता मालवीया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग दिवस के कार्यक्रम मैं उपस्थित गणमान्य अतिथियों शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को प्राणायाम योग का अभ्यास कराया गया योग के प्रत्येक आसन की जानकारी उससे होने वाले लाभ सीधे प्रसारण के माध्यम से समझाए गए। योग अभ्यास के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने योग के महत्व एवं उससे होने वाले लाभ के विषय में बतलाया सर्वप्रथम कार्यक्रम मैं भोपाल से उपस्थित संतोष नोरिया ने बताया कि योग के माध्यम से छात्र जीवन में सकारात्मक का संचार होता है योग मनोबल को बढ़ाने का कार्य भी करता है योग विद्यार्थियों

**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt-Narmadapuram**
पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में तिलक वार्ड, पिपरिया पिन- 461775
फोन नं.-07576-222041 Email-cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/राजस्व/2024-25/159 पिपरिया दिनांक-21.06.2024

**नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पिपरिया द्वारा निकाय स्वामित्व एवं आधिपत्य की मंडी रोड पर स्थित निदान अस्पताल के सामने भूमि खसरा नं. 380/2 के निम्नानुसार प्लाटों की नीलामी 30 वर्षो के लिये म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 एवं म.प्र. नगर पालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत उपयोग कर अधिकार निर्धारित मासिक किराया एवं अधिकतम प्रीमियम राशि के आधार पर दिये जाने हेतु नगर पालिका परिषद पिपरया द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के तहत बंद लिफाके में निविदायें (नीलामी बोली के प्रस्ताव/ऑफर) आमंत्रित किये जाते है।

01.A ब्लाक के 02 प्लाटों क्रमशः 05, 06
02.B ब्लाक के 04 प्लाटों क्रमशः 10,11,14,15
03.C ब्लाक के 05 प्लाटों क्रमशः 18,19,20,21,24
04.D ब्लाक के 09 प्लाटों क्रमशः 25,26,27,28,29,30,32,33,34
05.E ब्लाक के 07 प्लाटों क्रमशः 35,36,37,38,39,40,41
06.F ब्लाक के 04 प्लाटों क्रमशः 42,43,48,49

इच्छुक व्यक्ति निविदा ऑफर फार्म रूपया 2360/- (जीएसटी राशि सहित) के शुल्क पर प्राप्त सूचना प्रकाशन से दिनांक 08.07.2024 शाम 05.30 बजे तक कार्यालयीन समय में कार्यालय नगर पालिका परिषद की राजस्व शाखा से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा ऑफर फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09.07.2024 समय दोपहर 02.00 बजे तक होगी निर्धारित समय उपरांत निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी। सभी प्रस्तुत निविदा दिनांक 09.07.2024 को शाम 04.00 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी। नगर पालिका कार्यालय से क्रय किये गये निविदा फार्म पर ही ऑफर स्वीकार किये जावेंगे रजिस्टर्ड कर कोरियर सर्विस द्वारा निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी।

निविदा की विस्तृत शर्ते राजस्व शाखा नगर पालिका परिषद कार्यालय पिपरिया में अवकाश के दिन छोड़कर कार्यालयीन समय में कभी भी देखी व पढ़ी जा सकती।

**श्रीमति नीना नवनीत नागपाल**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद पिपरिया**

**रवि प्रकाश नायक**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पिपरिया**

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**हरदा।** गुरुवार रात जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम सोडलपुर के पास एक सड़क दुर्घटना में एक 28 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। शुक्रवार सुबह टिमरनी में मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सोहागपुर का रहने वाला प्रदीप गुर्जर (28) टिमरनी से अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान रात करीब 11 बजे के आसपास उसकी तेज रफ्तार बाइक पेट्रोल पंप से बाहर निकल रहे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद से हो ट्रैक्टर ट्राली नदारत है। हादसे के दौरान पेट्रोल पंप के पास खड़े लोगों ने पुलिस को सूचना देकर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**हरदा।** शुक्रवार दोपहर करीब बारह बजे के आसपास जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम भादूगांव के तालाब में डूबने से एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। हंडिया थाना पुलिस ने जिला अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपकर मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भादूगांव का रहने वाला राजेश पिता कलीराम भुसारे जाति कोरकू (26) साल दोपहर बारह बजे अपनी पत्नी और चार साल की बेटी के साथ तालाब पर नहाने के लिए गया था। मृतक राजेश ने अपनी पत्नी से कहा कि वह तालाब में एक डुबकी लगाकर आता है। उसने जैसे ही डुबकी लगाई उसके बाद काफी देर तक बाहर नही आया। जिसके बाद मृतक की पत्नी ने अपने परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद उसकी तलाश की गई।जिसके कुछ देर बाद गहरे पानी में उसका शव मिला है। बताया जा रहा है कि मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

### बाल श्रम के तहत कार्रवाई करें

**हरदा।** बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम के तहत 14 वर्ष तक के बच्चों को किसी भी नियोजन में कार्य करने पर प्रतिबंध है तथा 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों का खतरनाक प्रक्रिया के नियोजनों में कार्य करने पर प्रतिबंध है। अधिनियम के इन प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और अधिनियम के तहत बाल श्रम को रोकने के लिये प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में श्रम विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि बाल श्रम के विरूद्ध कार्यवाही के लिये गठित टास्क फोर्स में उद्योग विभाग तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया जाए।

### पेड़ी घाट पर भी हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**हरदा।** योग दिवस के अवसर पर हरदा में अजनाल नदी के तट पर स्थित पेड़ी घाट पर भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी के माध्यम से भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। उपस्थित नागरिकों ने इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गत दिनों अजनाल नदी में की गई साफ-सफाई के लिये जिला प्रशासन के प्रयास की सराहना की।

### नीट परीक्षा को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**हरदा।** नीट परीक्षा 2024 को लेकर अब तक अभ्यर्थियों की ओर से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था, लेकिन अब इन अभ्यर्थियों को कांग्रेस का भी साथ मिल गया है। शुक्रवार को स्थानीय विधायक डॉ आर के दोगने के नेतृत्व में कांग्रेस ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है। विधायक दोगने ने कहा सर्वोच्च न्यायालय ने भी ठएएळ-वत्रॄ 2024 मे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पर इन आरोपों की गंभीरता को उजागर किया है। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लागू करके युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का वादा किया था। लेकिन केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार ने छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

## सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न, श्री अन्न संवर्धन अभियान का हुआ शुभारम्भ

# नियमित योग करें और श्री अन्न को आहार में शामिल करें: मंत्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरदा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री कृष्णा गौर के मुख्य अतिथ्य में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर विधायक डॉ आर. के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधियो ने भी योगाभ्यास किया।


इस अवसर पर मंत्री श्रीमती गौर ने संबोधित करते हुए उपस्थित नागरिकों से कहा कि यदि हम योगाभ्यास को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करें और ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, कोदों कुटकी जैसे मोटे अनाज को अपने आहार में शामिल करें तो हमेशा स्वस्थ रहेंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा देश ऋषि मुनियों और संतों की तपोभूमि रहा है और योग की जन्मभूमि हमारा देश भारत ही है। उन्होने कहा कि आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है। मंत्री श्रीमती गौर ने श्री अन्न (मोटे अनाज) संवर्धन अभियान के शुभारम्भ अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल में जब भारत देश में मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, मक्का नियमित रूप से भोजन में शामिल किया जाता था तब लोग कम बीमार पड़ते थे। उन्होने कहा कि हमारा देश श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और बड़ी मात्रा में श्री अन्न का निर्यात किया जा रहा है। आज फिर मोटे अनाज को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होने श्री अन्न से बनी सामग्री के प्रदर्शन स्टाल का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने श्री अन्न के बीज के पैकेट कुछ किसानों को वितरित किये। मंत्री कृष्णा गौर ने शुक्रवार को सर्किट हाउस परिसर में सप्तपर्णी का पौधा लगाया।

# भूंकप से हिली खंडवा की धरती, दीवारों में आई दरारें

## डर के मारे घर से बाहर निकले लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



खंडवा जिले में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस हुए, जिसके कारण लोगों में भयावह स्थिति निर्मित हो गई थी । इस भूकंप से जिले भर के अनेक इलाकों में हल्के झटके आए, जिनसे मकानों में हलचल महसूस हुई। खंडवा के कुछ मकानों में दरारे भी पड़ गई। इसे बयां करते हुए एक स्थानीय नागरिक ने कहा, ₹मकान में ऐसा लगा जैसे कोई भारी चीज़ छत पर गिरी हो।₹इस भूकंप के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल गए, डर कर अपनी सुरक्षा को सुनिश्चित करने का प्रयास किया। कुछ लोग अपने घरों में ही सो रहे थे, जबकि अन्य जाग रहे थे। भूकंप के झटके के साथ ही खंडवा शहर में पूरे इलाकों में यह महसूस किया गया।यहां तक कि खंडवा के चारों कोनों में भी इस भूकंप के झटके का असर पड़ा है।

जलकुआँ-रामपुरा-कलाँ इस भूकम्प का केन्द्र तय हुआ है, यह गाँव खण्डवा-अमरावती मार्ग पर सिंगोट के पास है। तीस सेकण्ड का ट्रेमर बताया गया। जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया की मौसम वैज्ञानिक विभाग के अनुसार खण्डवा शहर में 9 बजकर चार मिनट 19 सेकंड पर भूकंप आया और भूकम्प का ये ट्रेमर 3.6 रिक्टर की तीव्रता आंका गया। भूकम्प का केन्द्र खण्डवा से दस किलोमीटर दूर केंद्र पर नापा गया । और दस किलोमीटर गहराई तक भूकंप आंका गया।

हालांकि खंडवा जिले 60 से 70 गांवों में भूकंप आने की सूचना है लेकिन अभी तक किसी भी नुकसान की सूचना नहीं मिली है, लेकिन लोगों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। खंडवा में स्थानीय अधिकारियों ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है, ताकि नुकसान का आंकलन किया जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# छात्रावास की क्षमता 100 सीटर है जबकि 50 के रहने की स्वीकृति

## पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के छात्रावास का निरीक्षण किया



**हरदा।** अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री कृष्णा गौर ने शुक्रवार को जिला पंचायत के पास स्थित पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने छात्रावास परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। उन्होने इस दौरान कहा कि छात्रावास की क्षमता 100 सीटर है जबकि केवल 50 विद्यार्थियों के रहने की स्वीकृति दी गई है। शीघ्र ही 100 विद्यार्थियों के रहने की स्वीकृति जारी की जाएगी। उन्होने कहा कि अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के छात्रावासों की तरह पिछड़ा वर्ग विभाग के छात्रावासों में भी विद्यार्थियों के लिये मेस की व्यवस्था शुरू कराई जाएगी। छात्रावास में निवासरत छात्राओं से उनके कक्षों में जाकर व्यक्तिगत चर्चा की और उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होने छात्राओं को सीख दी कि मन लगाकर पढ़े और अपने माता पिता के सपनों को साकार करते हुए आगे बढ़ें। उन्होने छात्राओं को आश्वस्त किया कि उनकी पढ़ाई लिखाई के लिये हर संभव मदद प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के माध्यम से दिलाई जाएगी। मंत्री ने उपस्थित छात्राओं को नियमित योगाभ्यास करने की सलाह दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, सहित विभागीय अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# कोटपा एक्ट के तहत 9 दुकानों पर 1600 रुपए का जुर्माना



**हरदा।** तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य व पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने आईटीआई के आसपास के क्षेत्र में स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दल ने 9 दुकानों पर सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद का विनिमय अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की। इस कार्यवाही में कुल 1600 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी तम्बाकू नियंत्रण हरदा डॉ. पियूष दोगने, श्री आई तिग्गा सहित पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# मंत्री विजय शाह का बड़ा बयान-मदरसों में राष्ट्रगान और ध्वजारोहण अनिवार्य हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा मध्य प्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह ने मदरसों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि हिंदुस्तान में कोई भी शिक्षण संस्थान यदि तिरंगे का अपमान करता है या वहां राष्ट्रगान नहीं होता, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह बातें खंडवा के हॉली स्प्रिट कॉन्वेंट स्कूल में कहीं, जहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर योग किया।

### योग के महत्व पर जोर देते हुए

मंत्री शाह ने योग के महत्व पर भी जोर दिया, बताते हुए कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को एकाग्र करने का माध्यम है, जिससे न केवल शरीर बल्कि मस्तिष्क भी स्वस्थ होता है। उन्होंने सभी से योग के लाभों को साझा करने और स्वस्थ, खुशहाल जीवन की ओर अग्रसर होने की अपील की। ₹करें योग, रहें निरोग,₹ उनका संदेश था।

### मदरसों में राष्ट्रगान की मांग

जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने इससे पहले भी स्कूलों में झंडा वंदन और राष्ट्रगान को अनिवार्य करने की मांग की थी। उन्होंने याद दिलाया कि उनके शिक्षा मंत्री रहते हुए एक आदेश निकाला गया था, जिसमें सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में झंडा वंदन और जन गण मन अनिवार्य किया गया था। हालांकि, यह आदेश कक्षा छठी से बारहवीं तक के लिए था, और अब इसे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से पहली कक्षा से लागू करने की मांग की गई है।

# 'जीवन में सफल होना है तो लोग क्या कहेंगे इस पर कभी ध्यान नहीं देना'

## रोटरी क्लब द्वारा करियर गाइडेंस सेमीनार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रोटरी क्लब हरदा द्वारा करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों के साथ ही स्कूली बच्चे शामिल हुए। द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल में आयोजित करियर सम्मेलन में करियर काउंसलर आभा आनंद ने कहा कि अंग्रेजी एक भाषा है लेकिन इसकी अनिवार्यता हमारे करियर में जरूरी नहीं है। हालाँकि उन्होंने कहा कि हमें मातृभाषा के साथ ही अन्य भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करके एकाग्र होकर मंजिल की ओर आगे बढ़े। जीवन में सफल होना है तो ह्यलोग क्या कहेंगेह्व इस पर कभी ध्यान नहीं देना है, क्योंकि आप जो भी करेंगे लोग तो उस पर कुछ न कुछ कहेंगे। जीवन में दूसरों की गलतियों से सबक सीख कर अपनी मंजिल की और बढ़े, पढ़ाई पर ध्यान दें। यह भी तय करे कि हमें नौकरी करने वाला बनना है या नौकरी देने वाले बनना है। इससे पहले क्लब की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रितु ग्रोवर ने कहा कि रोटरी क्लब देश के अनेक शहरों में समाज हित में जुड़ी गतिविधियों का संचालन कर रहा है। इसमें महिलाओं विद्यार्थियों और बच्चों सहित अन्य वर्ग के हित में विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। क्लब द्वारा पल्स पोलियो अभियान भी चलाया गया है।

# सिराली में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने लिए



**हरदा।** खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने शुक्रवार को सिराली में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अन्नपूर्णा चाट से आलू छोले, संजय चाट से जलेबी, मावा जलेबी, गूंजे व लड्डू, जय भवानी रेस्टोरेंट से मावा और दही, सांई डेयरी से दूध तथा राधाकिशन डेरी से दूध सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र काम्बले ने बताया कि सेंपल जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोग साला भोपाल भेजा जायेगा रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बंसल, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी कोटवार उपस्थित थे।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री आज आएंगे

**हरदा।** केन्द्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य विभाग डी.डी. उईके आज हरदा आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री उईके प्रातः 9 बजे बैतूल से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 10.30 बजे टेमागांव पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 1.15 बजे हरदा शहर में आगमन होगा। शहर में विजयी जुलूस व विभिन्न स्थानों पर स्वागत के बाद उईके आम सभा को संबोधित करेंगे। शाम 5 बजे हरदा से बैतूल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# कांग्रेस नेताओं ने नीट परीक्षा घोटाले के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**बुरहानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने नीट परीक्षा में हुए धांधली के विरोध में शुक्रवार दोपहर एसडीएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में मांग की है कि नीट परीक्षा 2024 को निरस्त किया जाए और दोबारा परीक्षा आयोजित की जाए साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से तुरंत इस्तीफा दें। कांग्रेस ने कहा कि इस पूरे घोटाले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में की जानी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा की नीट घोटाला देश का शिक्षा से जुड़ा सबसे बड़ा घोटाला है और भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के संरक्षण में यह सारा खेल चल रहा है। देश में पेपर लीक जैसी ज्यादातर घटना भाजपा शासित राज्यों में हुई है इससे साफ जाहिर है कि छात्रों के भविष्य को लेकर सरकारी लापरवाही वाला रवैया अपना रही है और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। मध्य प्रदेश में व्यापम डीमेट और पटवारी भर्ती परीक्षा और नर्सिंग घोटाले जैसे बड़े उदाहरण सामने है फिर भी भाजपा सरकारों की तरफ से इन्हें रोकने के कोई प्रयास नहीं किए गए। कांग्रेस पार्टी यह मांग करती है कि इस मुद्दे पर देश के प्रधानमंत्री देश को जवाब दे। कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं और छात्रों के हित की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ेगी। ज्ञापन के दौरान बुरहानपुर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रिंकु टाक, पूर्व विधायक हमीद काजी, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, अजय रघुवंशी, पश्चिम ब्लॉक अध्यक्ष संजय चौकसे, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सरिता भगत, सलीम कॉटनवाला, कैलाश यावतकर, अकिल औलिया, अहफ़ाज़ मीर,शाहिद बंदा, हाफिज मंसूरी,गुलाम मुस्तफा,इकराम अंसारी, मीनाक्षी महाजन, डॉक्टर तारिक, आसिफ उद्दीन शेख, कांग्रेस प्रवक्ता शेख रुस्तम, निखिल खंडेलवाल, विनय शाह,आशीष भगत रियाज उल हक अंसारी, अरुण जोशी, साजिद अंसारी, अफजल शेख, सोहराब कुरैशी, डॉ फिरोज बेग, शहजाद नूर जुबेर अंसारी, असलम खान, संतोष साने,शाहिद अंसारी, शौकत उल्लाह, जाकिर अंसारी सहित कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंत्री वजाय शाह ने की शिरकत

# मोटे अनाज उत्पादित किसानों को प्रति क्विंटल एक हजार रुपए की दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने शुक्रवार को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हॉली स्प्रिट कॉन्वेट स्कूल खण्डवा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में योगाभ्यास किया और कार्यक्रम को संबोधित किया। इस वर्ष योग दिवस पर योग स्वयं और समाज के लिए थीम निर्धारित की गई है।

इस दौरान खण्डवा विधायक कंचन तनवे, महापौर अमृता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारणेकर, जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी, संचालक जनजातीय कार्य विभाग विवेक पाण्डे सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि,



अधिकारीगण, समाजसेवी संस्था, स्वयंसेवी संगठन के पदाधिकारीगण मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उद्बोधन सुना एवं देखा। दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित हुए। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में योग को पुर्न स्थापित करने का श्रेय अगर किसी को दे तो वह है आचार्य बालकृष्ण एवं बाबा रामदेव। उन्होंने कहा कि 5 हजार वर्षों पूर्व से योग को लेकर हिन्दुस्तान में काम हो रहा है। धर्म, समाज, शरीर, मन, बुद्धि, आध्यात्म, संस्कृति और संस्कार ये हिस्दुस्तान की पहचान थी, क्यों कि हमारे पास ऐसे महापुरूष थे, यौगिक शक्तियां थी। जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि शारीरिक दक्षता के लिए जहां योग की जरूरत है वहीं आहार भी आवश्यक है। इसलिए सरकार द्वारा कोदो-कुटकी सहित सभी प्रकार के मोटे अनाज अर्थात श्रीअन्न के उत्पादन को प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को प्रति क्विंटल एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

# झिरन्या के तीर्थ यात्रियों की बस दुर्घटनाग्रस्त, गंगोत्री के पास हुई घटना

## तीर्थ यात्री बस में 28 में यात्री थे सवार, 5 घायल

**झिरन्या।** उत्तराखंड के गंगोत्री राष्ट्रीय मार्ग पर 28 तीर्थयात्रियों से भरी बस शुक्रवार को सुबह 6.18 बजे गंगोत्री जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह घटना हरिद्वार से जाते समय गंगोत्री से करीब 20 किमी पहले झाला ब्रिज के कुछ दूरी पर हुई है। जिसमें 5 तीर्थयात्री घायल हुए हैं,ये सभी झिरन्या सहित खरगोन और खंडवा के ग्रामीण क्षेत्रों के हैं।

जिन्हें यहाँ की ट्रेवल एजेंसी तीर्थ यात्रा के लिए ले जाती है। ट्रेवल एजेंसी के प्रहलाद यादव ने दूरभाष पर उक्त जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि चालक साइड के अगले पहिये में खराबी आने (बब्लिंग करने से) बस का संतुलन बगड़ गया,जिससे बस पलट गई। इस ओर खाई एवं गंगा नदी



थी,परन्तु बड़ी दुर्घटना टल गई और सभी यात्री बाल बाल बाल बच गए। मौके पर तत्काल एम्बुलेंस आ गई थी और घायलों को समीप ही के गाँव में अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार किया गया। इस घटना से कुछ देर के लिए आवागमन भी प्रभावित हो गया था,परन्तु वहां बॉर्डर रोड के जवानों बस को हटाने में मदद की और तब कहीं वाहनों की आवाजाही पुनः शुरू हो तीर्थ यात्री हर्ष श्रीराम शर्मा ने बताया कि झिरन्या से जिस बस में गए थे उसे हरिद्वार में खड़ी कर दी थी और स्थानीय ट्रेवल्स कंपनी की बस किराए से लेकर हम गंगोत्री जा रहे थे। इस घटना के बाद दूसरी बस की व्यवस्था कर दी गई थी और सभी यात्री सकुशल गंगोत्री पहुँच गए हैं। सम्पूर्ण घटनाक्रम को लेकर उक्त ट्रेवल्स के रुसीराम राठौर ने बताया कि सभी तीर्थ यात्री 13 जून को 18 दिनों की यात्रा पर गए हैं। इस दौरान वे गंगोत्री के बाद धर्मशाला, केदारनाथ,बदरीनाथ सहित अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन कर वापस लौटेंगे।